23-10-26 VNS PG-5 FRONT PAGE-DAK-1.qxd 22-10-2026 22:51 Page 1



भाज

धीरके धैर्यसे भारतकी रोमांचक जीत

हिंदी सिनेमा की लेडी सुपरस्टार्स करीना कपूर



प्रयागराज, शुक्रवार २३ अक्तूबर, २०२६ सौर ६, आश्विन शुक्ल १२, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित नगर संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

भारत-पोलैंडके बीच रक्षा, अंतरिक्ष-परमाणु ऊर्जा क्षेत्रमें सहयोग बढ़ानेपर सहमति

प्रधानमंत्री मोदीने अपने समकक्ष डोनाल्ड टस्कसे की द्विपक्षीय वार्ता

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने गुरुवार को नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा सहित रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा की और



क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। संयुक्त प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय अनिश्चितता और बदलाव के दौर से गुजर रही है। इसके बावजूद भारत और पोलैंड विकास, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार के महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहे हैं। उन्होंने पोलैंड की कंपनियों को भारत के साथ रणनीतिक क्षेत्रों में संयुक्त विकास और उत्पादन के लिए आमंत्रित किया। तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आए टस्क के साथ पोलैंड के वित्त एवं अर्थव्यवस्था मंत्री आंद्रेज डोमान्स्की और व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी आया है। प्रधानमंत्री (शेष पृष्ठ 11 पर)



वाराणसीके नाटीइमलीमें विश्व प्रसिद्ध भरत मिलाप लीलाके बाद श्रद्धालुओंको दर्शन देते चारों भाई। छाया : अनिल मिश्रा

सोनिया गांधीने इंस्टाग्राम पर की शुरुआत



अपनी पुस्तक विलांग्गिंग-ए- जर्नी आफ लव की दिखायी पहली झलक

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपना अकाउंट शुरू किया। अपनी पहली पोस्ट में उन्होंने अपनी आगामी पुस्तक 'बिलॉन्गिंग ए जर्नी ऑफ लव' की पहली झलक साझा की। यह किताब 10 नवंबर को प्रकाशित होगी। सोनिया गांधी ने अपने अकाउंट से कांग्रेस के आधिकारिक पेज के अलावा राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को भी फॉलो किया। उन्होंने पोस्ट में कहा कि यह किताब प्रेम, कर्तव्य और अपनेपन की तलाश की कहानी है। पुस्तक में इटली में बिताए बचपन, कैंब्रिज में राजीव गांधी से मुलाकात, नेहरू-गांधी परिवार में विवाह और पारिवारिक त्रासदियों के बाद बदली जिंदगी के अनुभवों का जिक्र है। करीब 79 वर्षीय सोनिया गांधी अब तक इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स जैसे प्रमुख सोशल मीडिया मंचों पर सक्रिय नहीं थीं। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने उनके इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि दुनिया उनकी किताब के विमोचन का इंतजार कर रही है।

यूपी : जनगणनामें होगी हर व्यक्ति की गिनती

लखनऊ (आससे.)। गांव से शहर आकर किराये के मकान में रहने वाले हों या झोपड़ी और फुटपाथ पर



रात गुजारने वाले लोग, जनगणना-2027 में सभी की गणना उनके रहने के स्थान के आधार पर होगी। विदेश में पढ़ाई या नौकरी कर रहे भारतीयों को देश की जनगणना में शामिल नहीं किया जाएगा। उनके भारत में रह रहे

फुटपाथ पर रहने वालों से भी पूछे जायेंगे ४० सवाल

परिजनों की ही गणना होगी। जनगणना निदेशक एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने बृहस्पतिवार (शेष पृष्ठ 11 पर)

सीजेपी नेताओंने पेश होनेके लिए पुलिससे मांगा समय

नयी दिल्ली (आससे)। जंतर-मंतर पर कथित अनधिकृत प्रवेश के मामले में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं सौरव दास, आशुतोष रंका और अजिंक्य शिंदे ने दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के सामने पेश होने के लिए अतिरिक्त समय मांगा है। तीनों को गुरुवार दोपहर 12 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया था। पुलिस अब उन्हें नए समन जारी करेगी। तीनों नेताओं पर 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर में कथित तौर पर अनधिकृत प्रवेश कर तिरंगा फहराने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश (शेष पृष्ठ 11 पर)

मतदाता सूचीमें गड़बड़ीका मामला, पीलीभीत के दो एसडीएमके खिलाफ एफआईआर

पीलीभीत (आससे.)। पीलीभीत की सदर विधानसभा सीट की मतदाता सूची में गड़बड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। बृहस्पतिवार को दो उप जिलाधिकारी (एसडीएम) मयंक गोस्वामी और हेमंत चौधरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इस मामले में एक कंप्यूटर ऑपरेटर को भी आरोपी बनाया गया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी की तहरीर पर कोतवाली नगर में मामला दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी आलोक कुमार ने इस कार्रवाई की जानकारी दी है। मतदाता सूची में

कम्प्यूटर आपरेटर भी आरोपित, सेवा समाप्त

गड़बड़ी के आरोपों पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जिलाधिकारी ने जांच कराई थी। प्राथमिक जांच में पूरनपुर के एसडीएम (शेष पृष्ठ 11 पर)

कानपुर : पेंशन कार्ड की एपीके फाइल खोलते ही खाते से निकले ५.२५ लाख

कानपुर (आससे.)। व्हाट्सएप पर पेंशन कार्ड के नाम से आई एपीके फाइल खोलते ही बुजुर्ग के खाते से दो बार में 5.25 लाख रुपये निकल गए। 15 अक्तूबर को मोबाइल पर रकम कटने का मैसेज आने पर पीड़ित को ठगी की जानकारी हुई। नेहरू नगर निवासी पीड़ित नरेंद्र शर्मा के बेटे प्रशांत ने बताया कि साइबर ठगों ने 12 अक्तूबर को पहली बार 25 हजार और दूसरी बार पांच लाख रुपये निकाले थे। बताया कि उन्होंने 17 अक्तूबर को साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद 21 अक्तूबर को बजरिया थाने में प्रार्थना पत्र दिया।

बारामुल्लामें पिस्तौल-आईईडी के साथ आतंकियोंके दो सहयोगी गिरफ्तार

जम्मू (आससे.)। सुरक्षा बलों ने गुरुवार को बारामुल्ला जिले में दो संदिग्ध आतंकी सहयोगियों को पकड़ा है। इनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए, जिनमें तुर्की में बनी एक पिस्तौल और दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) शामिल हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर, सेना की 52 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और बारामुल्ला पुलिस ने इन दोनों को बारामुल्ला के डेलिना घाट के (शेष पृष्ठ 11 पर)

रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से दो की मौत

लखनऊ (आससे.)। अकबरपुर-अयोध्या रेल खंड पर बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे अहिरौली में अटवाई क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से सास बहू की मौत हो गई। दोपहर तीन बजे दोनों की पहचान वनराजा समुदाय की निर्मला (55) और उनकी बहू सोना (25) के रूप में हुई। अहिरौली पुलिस ने शवों की शिनाख्त करने के बाद अग्रिम कार्रवाई शुरू की है। अयोध्या (शेष पृष्ठ 11 पर)

